# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-8 | अंक-30 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8


भय से भारत अभय हो,
फिर विजय से विश्व।
विनयकर निर्भय जय हो,
जय हो भारत भूमि जय हो।।

## Short News

### मप्र के कर्मचारियों की 26 जनवरी तक छुट्टियां रद्द

**भोपाल । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश में सरकार ने प्रदेशभर में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी छुट्टियां 26 जनवरी 2024 तक रद्द कर दी हैं। इस आदेश के तहत जो कर्मचारी पहले से छुट्टी पर थे, उन्हें भी काम पर लौटना होगा। मध्य प्रदेश में सरकार ने प्रदेशभर में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी छुट्टियां 26 जनवरी 2024 तक रद्द कर दी हैं। सरकार के इस फैसले से हड़कंप मच गया है। दरअसल इस तरह के आदेश का खुलासा दतिया कलेक्टर की ओर जारी किए गए एक आदेश के बाद से हुआ है।। दतिया जिले में जिला प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक बड़ा आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, अब कोई भी कर्मचारी या अधिकारी 26 जनवरी तक छुट्टी पर नहीं जा सकेगा। जिन कर्मचारियों की छुट्टियां पहले से स्वीकृत थीं, उन्हें भी तुरंत काम पर लौटना होगा। इस बड़े फैसले का कारण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होना है। सरकार इसे जन कल्याण पर्व के रूप में मना रही है। इसी उपलक्ष्य में सभी जिलों में सरकारी योजनाओं को सक्रिय करने और उन्हें सही तरीके से लागू करने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। इस पर्व के तहत मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं। इसी वजह से दतिया कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं ताकि सभी लोग इस अभियान में अपनी भूमिका निभा सकें।

# कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के घर ईडी का छापा

## दुबई जाने से पहले एयरपोर्ट से उठाया



**इंदौर । संभाग पोस्ट**

**ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा कांग्रेस नेता विशाल (गोलू) अग्निहोत्री के घर पर की गई छापेमारी और उनकी गिरफ्तारी ने मध्य प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। इस कार्रवाई को उज्जैन के सट्टेबाजी कांड से जोड़कर देखा जा रहा है, जो राज्य का अब तक का सबसे बड़ा सट्टा मामला माना जा रहा है। गोलू अग्निहोत्री, जो इंदौर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी माने जाते हैं, को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे दुबई जाने की तैयारी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, ईडी ने उनके चंदन नगर स्थित घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जो जांच में अहम भूमिका निभा सकते हैं।**

इस कार्रवाई के दौरान उनके घर के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात थे, और स्थानीय पुलिस को इस छापेमारी की सूचना नहीं दी गई थी। ईडी की इस कार्रवाई को उज्जैन में मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा से जुड़े सट्टेबाजी मामले की कड़ी में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 14 जून 2024 को उज्जैन पुलिस ने क्रिकेट सट्टा खेलते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में भारी मात्रा में नकदी, चांदी, विदेशी मुद्रा और तकनीकी उपकरण बरामद किए गए थे। पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपए नकद, 41 मोबाइल फोन, 19 लैपटॉप और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सिम कार्ड जब्त किए थे। मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा के पास से 500 रुपए के नोटों की 3000 गड्डियां, 7 किलो चांदी और 7 देशों की विदेशी मुद्रा मिली थी। नकदी की गिनती करने के लिए पुलिस को मशीनें लगानी पड़ी थीं, और यह प्रक्रिया पूरी रात चली थी।

विशाल (गोलू) अग्निहोत्री का राजनीतिक कद इंदौर में काफी बड़ा है। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का करीबी माना जाता है और वर्तमान में वे इंदौर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। 2013 और 2018 में उन्होंने इंदौर-4 विधानसभा सीट से कांग्रेस का टिकट पाने की कोशिश की थी, लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। उनकी छवि पार्टी में एक प्रभावशाली नेता की रही है। ईडी की इस कार्रवाई ने जहां कांग्रेस को राजनीतिक तौर पर मुश्किल में डाल दिया है, वहीं भाजपा ने इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताया है। ईडी अब जांच के दायरे को और भी बढ़ा सकती है, क्योंकि बरामद दस्तावेज और सबूतों से नए खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# इंदौर को नई रफ्तार देंगे एनआरआई

## निवेश के साथ सामाजिक सुधारों पर भी करेंगे मदद

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर में NRI फोरम की वार्षिक मीट का तीसरा संस्करण शुरू हुआ। इंदौरी समिट के कार्यक्रम में आज 28 देशों से 150 अप्रवासी भारतीय पहुंचे। समिट 0.3 का उद्घाटन उद्योगपति विमल तोड़ी, महापौर प्रतिनिधि भारत पारख ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि उद्योगपति विमल तोड़ी ने कहा इंदौर निवेश के लिए श्रेष्ठ स्थान है। हमने भी बाहर से आकर इंदौर में उद्योग लगाया। इंदौर में निवेश से लाभ के साथ आत्मीयता भी मिलती है।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस आयोजन में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने संदेश भेजा और कहा कि एनआरआई फोरम केवल एक वार्षिक मीट नहीं है, बल्कि यह इंदौर और इसके वैश्विक परिवार के बीच एक मजबूत संबंध का उत्सव है। यह मंच एनआरआई को उनके शहर के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। यह समिट प्रगति, एकता और संस्कृति का प्रतीक बनेगी और दुनिया भर के इंदौरवासियों को अपने प्रिय शहर से जोड़ने का काम करेगी।

समिट में अर्पित जैन (नीदरलैंड), सौरव गुप्ता, अंशुल लाड (यूएसए), रॉबिन सुनील पल (आयरलैंड), अंकित अग्रवाल (साइप्रस), शिवम शुक्ला (ऑस्ट्रेलिया), मितेन सोनी, आशीष अग्रवाल (कनाडा), अर्पित बंग, स्नेहा लड्डा (न्यूजीलैंड), शीतल जैन, विक्रांत राठौर (सिंगापुर), विकास चौधरी, सोनिया बिल्लौरे (स्वीडन), आनंद शर्मा (जर्मनी), रोहन अग्रवाल, अर्पित चौरडिया (जापान), शांतनु मिश्रा, विपुल डिंडुलकर (यूके) समेत 25 देशों के करीब 150 एनआरआई शामिल हुए। इससे पहले सभी एनआरआई मित्रों का स्वागत परंपरागत तरीके से किया गया। एनआरआई फोरम की संयोजक स्वाति कुणाल टरते ने बताया कि इंदौर के नए उद्यमियों को अपना काम प्रदर्शित करने और निवेश आकर्षित करने के अवसर भी मिलना चाहिए। मंगलवार सुबह बायपास पर एनआरआई क्रिकेट मैच का आयोजन पोहा जलेबी के साथ होगा एवं शाम का आयोजन सांस्कृतिक संध्या के साथ राजबाड़ा परिसर में होगा।

### पहला पैनल

CA अतिशय खासगीवाला ने मॉडरेट किया। इसमें सुमित सूरी, निकेत मंगल, पुलकित दुबे, प्रतीक सिन्हा और निवेश और उद्योग विभाग के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान दो पैनल डिस्कशन हुए। पैनल डिस्कशन में सिंगापुर से आईटी युवा उद्यमी साकेत दंडोतिया, अजय कासलीवाल (दुबई), फार्मा इंडस्ट्री से विनी मोटवानी (अमेरिका), रोहन अग्रवाल (जापान), अंशुल लाड (अमेरिका) और मॉडरेट हिमांशु गोयल ने किया। दूसरे पैनल में इंदौर में निवेश के सुझाव मिले और विदेशों की बेस्ट प्रैक्टिस पर डिस्कस की गई।

### दूसरा पैनल डिस्कशन

सिंगापुर से आईटी युवा उद्यमी साकेत दंडोतिया, अजय कासलीवाल दुबई, फार्मा इंडस्ट्री से विनी मोटवानी अमेरिका से, रोहन अग्रवाल जापान से, अंशुल लाड अमेरिका से शामिल हुए, मॉडरेट हिमांशु गोयल ने किया। दूसरे पैनल में इंदौर में निवेश के सुझाव मिले और विदेशों की बेस्ट प्रैक्टिस डिस्कस की गई।


आपका अपना विश्वसनीय अखबार...
हमेशा आपके साथ
संभाग पोस्ट
आप हमसे अपनी समस्याओं को सांझा कर सकते हैं
बगैर किसी खौफ के विडियो, फोटो,
दस्तावेज के माध्यम से हमारे वाट्सअप नम्बर पर
और संभाग पोस्ट के पाठक सदस्य भी बन सकते हैं...
एक वर्ष की सदस्यता लेने पर
अखबार फ्री... तीन विज्ञापन फ्री...
पाठक सदस्यता आईडी कार्ड फ्री...
न्यूज चैनल पर एक एड फ्री....
सम्पर्क 9009919948

## सुविचार

अपने सर्वोत्तम गुणों का प्रदर्शन करें तो कोई भी आपकी नजरअंदाज नहीं करेगा।

## संपादकीय

# सबका साथ जरूरी

एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।

# मां भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकांड शोध संस्थान का भव्य आयोजन 11 और 12 जनवरी 2025 को

### भव्य आयोजन की रूपरेखा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन के पदाधिकारी के साथ होगी

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.संतोष भार्गव और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. संतोष वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्योतिष एवं वास्तु महासम्मेलन का आयोजन माता अहिल्या की पावन नगरी इंदौर शहर में होने जा रहा है उक्त आयोजन में शहर के जनप्रतिनिधि और समाज सेवक भी उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन दिनांक 20 दिसंबर





शुक्रवार को शाम 3:00 बजे से 5:00 बजे तक स्थान मां भुवनेश्वरी धाम न्यू अन्नपूर्णा मंदिर दुर्गा कॉलोनी मरीमाता चौराहा के पास होगी जिसमें संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के दायित्व पर मनोनीत किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. संतोष वाधवानी ने यह भी बताया कि ज्योतिष एवं महासम्मेलन में देश विदेश से कई ज्योतिष एवं वास्तु के जानकार अपनी निशुल्क सेवा देकर इंदौर शहर की जनता को मार्गदर्शित करेंगे हर वर्ष होने वाले इस गरिमामय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा समाजसेवी को को भी सम्मानित किया जाएगा।

# यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में जलाने के निर्णय को बदलने की मांग

**पीथमपुर। संभाग पोस्ट**

पीथमपुर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रविवार शाम को एक निजी कार्यक्रम में पीथनपुर पहुंचे जहां पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल और उपाध्यक्ष पप्पू असोलिया सहित पार्षदों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें भोपाल के यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में जलाने को लेकर विरोध करते की मांग की।




इसके अलावा उन्होंने निर्यात कर क्षतिपूर्ति को लेकर भी बात कही। नगरपालिका को निर्यात कर और उद्योगों से मिलने वाले टैक्स को जारी रखने की मांग की गई। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल ने कहा कि भोपाल के रासायनिक जहरीले कचरे से 1984 में भोपाल गैस त्रासदी में हजारों लोग असमय ही मौत के मुंह में समा चुके हैं। अब यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर के रामकी प्लांट पर नष्ट करने की तैयारी चल रही है। तारपुरी स्थित रामकी प्लांट के आसपास पास के 4-5 किमी के क्षेत्र में जहरीले धुएं और गैस से लोग वैसे ही बीमार हो रहे हैं। इसके कारण भूजल और मि?ट्टी भी दूषित हो चुकी है। साथ ही कुओं व बावड़ियों का पानी भी दूषित हो चुका है। इसकी शिकायत क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका में कई बार की है।

ज्ञापन में एमपीआइडीसी द्वारा लागू किए गए निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन स्कीम (पीथमपुर) में पीथमपुर नपा की सीमाओं को मुक्त रखने की मांग भी की गई है। वर्तमान में स्कीम में सिर्फ आबादी। क्षेत्र को ही मुक्त रखा गया। ह जबकि मप्र राजपत्र क्रमांक 8 भोपाल 24 फरवरी 2017 के अनुसार वार्डो की संपूर्ण चतुसीमा को मुक्त रखना था। पीथमपुर नपा क्षेत्र में निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन स्कीम (पीथमपुर) अंतर्गत कालोनी विकास अनुमतियां एमपीआइडीसी स्वयं ही जारी कर रही है जबकि यह नगरपालिका के अधिकार क्षेत्र में है। कालोनी विकसित होने के बाद कालोनी के रहवासियों को जलप्रदाय व्यवस्था, सफाई, पथ प्रकाश आदि व्यवस्था को मांग की जाती है। यह व्यवस्था पीथमपुर नगरपालिका द्वारा ही की जाती है। इसके साथ ही अनधिकृत कालोनियां भी विकसित हो रही हैं जिस पर रोक लगाना कठिन हो रहा है। मात्र नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत कालोनी विकास की अनुमति जारी करने हेतु सक्षम अधिकारी कलेक्टर हैं। साथ ही नगर पालिका के अंतर्गत संपत्ति कर, भवन निर्माण अनुज्ञा, कालोनी विकास से संबंधित कार्रवाई आदि नगर पालिका परिषद पीथमपुर अधिकृत है।

# मप्र के कर्मचारियों की 26 जनवरी तक छुट्टियां रद्द

**भोपाल। संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश में सरकार ने प्रदेशभर में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी छुट्टियां 26 जनवरी 2024 तक रद्द कर दी हैं। इस आदेश के तहत जो कर्मचारी पहले से छुट्टी पर थे, उन्हें भी काम पर लौटना होगा। मध्य प्रदेश में सरकार ने प्रदेशभर में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी छुट्टियां 26 जनवरी 2024 तक रद्द कर दी हैं। सरकार के इस फैसले से हड़कंप मच गया है।

दरअसल इस तरह के आदेश का खुलासा दतिया कलेक्टर की ओर जारी किए गए एक आदेश के बाद से हुआ है।। दतिया जिले में जिला प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक बड़ा आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, अब कोई भी कर्मचारी या अधिकारी 26 जनवरी तक छुट्टी पर नहीं जा सकेगा। जिन कर्मचारियों की छुट्टियां पहले से स्वीकृत थीं, उन्हें भी तुरंत काम पर लौटना होगा। इस बड़े फैसले का कारण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होना है। सरकार इसे जन कल्याण पर्व के रूप में मना रही है। इसी उपलक्ष्य में सभी जिलों में सरकारी योजनाओं को सक्रिय करने और उन्हें सही तरीके से लागू करने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। इस पर्व के तहत मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं। इसी वजह से दतिया कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं ताकि सभी लोग इस अभियान में अपनी भूमिका निभा सकें।

# एमपी में ठंड का 'तांडव'

### शीतलहर की चपेट में प्रदेश, अगले दो दिन और भारी

**भोपाल। संभाग पोस्ट**

**मध्यप्रदेश में ठंड ने तांडव मचा दिया है। प्रदेश में अब दो दिन से चल रहा टेम्प्रेचर टॉर्चर लोगों को परेशान कर रहा है। कई जिले कड़ाके की ठंड और शीतलहर की चपेट में हैं और मौसम विभाग (के मुताबिक आने वाले दो दिन और भारी हैं और राहत मिलने के आसार नहीं हैं। 17-18 दिसंबर से ठंड से थोड़ी राहत मिलने की बात मौसम विभाग ने कही है। मौसम विभाग ने रविवार को अगले 24 घंटे के लिए जो भविष्यवाणी की है उसमें कई जिलों में ठंड के कारण ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।**

### एमपी में ठंड का तांडव

मध्यप्रदेश में ठंड का इस कदर तांडव मचा रही है कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। नर्मदापुरम के पचमढ़ी और शहडोल के कल्याणपुर में पारा 1 डिग्री तक गिर गया जिससे यहां ओस की बूंदें बर्फ बन गईं और सुबह बर्फ की चादर बिछी नजर आई। शनिवार को भोपाल, सीहोर, शहडोल और जबलपुर में तीव्र शीत लहर का प्रभाव रहा तो वहीं सीधी में शीतल दिन रहा।

### इन जिलों में अलर्ट जारी

Orange Alert: शाजापुर, उमरिया जिलों में (तीव्र शीतलहर/शीतल दिन/पाला), रायसेन, सीहोर, अनूपपुर, शहडोल, मंडला (तीव्र शीतलहर/पाला), भोपाल, जबलपुर में (तीव्र शीतलहर) की संभावना है।

Yellow Alert: विदिशा, हरदा, बड़वानी, नीमच, मऊगंज और राजगढ़ जिलों में (शीतलहर/शीतल दिन/पाला), बुरहानपुर, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, मंदसौर, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सतना, डिंडोरी, कटनी, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, मैहर, पांढुर्णा जिलों में (शीतलहर), आगर, छतरपुर में (शीतलहर/पाला), सीधी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा जिलों में शीतल दिन की संभावना है।

## इंदौर शहर का नया कानून जान लीजिए

# एक जनवरी से अगर भिखारी को पैसे दिए तो हो जाएगी जेल

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

इंदौर में भीख के रूप में रुपए देने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इसके लिए लोगों को जागरूक कर रही है। एक जनवरी 2025 से अगर लोगों को भीख देते हुए पकड़ा गया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही उन्हें जेल हो सकता है। संगठनों की मदद से उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है।

1 जनवरी से भिखारियों को पैसे देने वालों पर ईई दर्ज होगी। केंद्र सरकार के पायलट प्रोजेक्ट के तहत इंदौर को भिखारी मुक्त बनाने की कोशिश हो रही है। जिला प्रशासन ने भिक्षावृत्ति पर पहले ही रोक लगा दी है। यह अभियान 10 शहरों में चलाया जा रहा है। प्रशासन ने कुछ चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं। एक संगठन भिखारियों को छह महीने तक आश्रय और काम दिलाने में मदद करेगा।

### देश का सबसे स्वच्छ शहर है इंदौर

इंदौर, जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर कहा जाता है, अब भिखारी-मुक्त बनने की राह पर है। इसके लिए प्रशासन ने एक सख्त कदम उठाया है। 1 जनवरी से, जो भी व्यक्ति भिखारियों को पैसे देगा, उसके खिलाफ ईई दर्ज की जाएगी।

### जागरूकता अभियान चलेगा

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि प्रशासन ने पहले ही इंदौर में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति के खिलाफ हमारा जागरूकता अभियान इस महीने के अंत तक जारी रहेगा। एक जनवरी से अगर कोई भी व्यक्ति भीख मांगते पाया गया तो उसके खिलाफ भी ईई दर्ज की जाएगी। उन्होंने इंदौर के सभी निवासियों से अपील की कि वे भिखारियों को पैसे देकर इस पाप के भागीदार न बनें।

### देश के 10 शहर पायलट प्रोजेक्ट में शामिल

इस प्रोजेक्ट में 10 शहर शामिल हैं: दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, इंदौर, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना और अहमदाबाद। भिक्षावृत्ति विरोधी अभियान के दौरान, इंदौर प्रशासन ने कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए। प्रोजेक्ट अधिकारी दिनेश मिश्रा ने कहा कि जब हम रिपोर्ट तैयार करते हैं, तो हम पाते हैं कि कुछ भिखारियों के पास पक्का मकान है। साथ ही कुछ के बच्चे बैंक में काम करते हैं।

### भिखारी ने बनाया इसे पेशा


एक बार हमने एक भिखारी के पास 29,000 रुपए पाए। एक और भिखारी पैसे उधार देता था और ब्याज लेता था। एक गिरोह बच्चों के साथ राजस्थान से यहां भीख मांगने आया था। उन्हें एक होटल से बचाया गया जहां वे रुके हुए थे।




### भिखारियों को काम दिलाने में मदद

मध्य प्रदेश के सामाजिक कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि इंदौर का एक संगठन सरकार के इस प्रयास में मदद के लिए आगे आया है। यह संगठन उन्हें छह महीने तक आश्रय प्रदान करेगा और उनके लिए काम खोजने की कोशिश करेगा। हम लोगों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह एक सराहनीय पहल है जो इंदौर को वास्तव में भिखारी-मुक्त शहर बनाने में मदद कर सकती है। लेकिन इस योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि लोग प्रशासन का कितना सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर लोग भिखारियों को पैसे देना बंद नहीं करेंगे, तो यह योजना पूरी तरह से सफल नहीं हो पाएगी। साथ ही, यह सुनना भी ज़रूरी है कि जिन लोगों को बचाया जा रहा है, उनके पुनर्वास की व्यवस्था ठीक से हो। उन्हें रोजगार के अवसर और रहने की उचित सुविधा मिलनी चाहिए।

## परिचय सम्मेलन में देशभर के 1300 युवक-युवती ने दिया परिचय, 38 रिश्ते तय



■ इंदौर। संभाग पोस्ट

श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा का अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को एयरपोर्ट रोड स्थित नृसिंह वाटिका पर आयोजित हुआ। देशभर के 1300 से अधिक युवक-युवतीयों ने मंच से परिचय दिया। 38 रिश्ते तय हुए, तकरीबन 200 से ज्यादा रिश्तों पर चर्चा चली। समाज के अध्यक्ष पं. संजय शुक्ला, प्रधानमंत्री पं.अनूप बाजपेई अनू और कार्यक्रम प्रभारी पं.प्रकाश बाजपेई ने बताया कि सर्व ब्राह्मण परिचय सम्मेलन में भारतीय संस्कृति और हिंदू एकता की झलक दिखी। सम्मेलन में आने वाले युवक युवती और समाज जनों को तिलक लगाकर भगवा दुपट्टा पहनाया। सम्मेलन का शुभारंभ युवतियों ने दीप प्रज्वलन करके वेद मंत्रों के बीच किया। बहुरंगी स्मारिका का विमोचन हुआ, स्मारिका में सभी युवक युवतियों की जानकारी प्रकाशित की गई। सम्मेलन में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश,आंध्र प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल,देहरादून, छतीसगढ़ सहित पूरे देशभर के विभिन्न राज्यों से 1300 से अधिक युवक - युवतियों ने मंच से परिचय देकर जीवनसाथी को लेकर अपनी पसंद बताई। हाईटेक परिचय सम्मेलन में डॉक्टर,अधिकारी, पुलिस, इंजीनियर,सहित अन्य युवक- युवतियों ने मंच पर आकर शिक्षा के साथ पारिवारिक स्थिति की जानकारी भी साझा की। मंच पर परिचय देने के बाद युवक - युवतियों के परिजनों ने आपस में चर्चा की। शाम 6 बजे तक 38 रिश्ते तय हुए और तकरीबन 200 से ज्यादा रिश्तों पर चर्चा चली। सम्मेलन सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। सम्मेलन में तय हुए रिश्तों को सामूहिक विवाह में विशेष पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। पं.दीपक शुक्ला ने 38 रिश्ते तय होने की जानकारी दी। चंद्रप्रकाश दुबे, धीरज शुक्ला,दीपक शुक्ला, विजेंद्र दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन में वरिष्ठ समाजसेवी पं. कृपा शंकर शुक्ला, पं. सत्यनारायण सत्तन, विधायक गोलू शुक्ला,सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दिनेश शर्मा, सहित अन्य अतिथि सम्मिलित हुए। सर्व ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन का यह 25 वां वर्ष था। सम्मेलन में पूरे देश भर के तकरीबन 4 हजार से अधिक समाजजन सम्मिलित हुए। सम्मेलन के लिए विभिन्न समितियों के 200 से ज्यादा समाजजन ने व्यवस्था संभाली। जिसमें मातृशक्तियों ने भी आयोजन की व्यवस्था संभाली। पूरा परिचय सम्मेलन जीरो वेस्ट रहा। इस अवसर पर अनिल तिवारी, प्रकाश मिश्रा, विजय शुक्ला, ब्रजेश शुक्ला, यूके दीक्षित, अनिल अवस्थी,मनीष तिवारी, सुरेन्द्र बाजपेई,पुष्पेंद्र शुक्ला, उमेश तिवारी नितिन शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## इंदौर में 70 केंद्रों पर 27 हजार छात्रों ने दी परीक्षा, शांतिपूर्वक हुई संपन्न

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (श्इइएण) द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2024 सफलता पूर्वक 12 संभागीय और जिला मुख्यालयों में संपन्न हुई। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक सत्र में आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, उज्जैन, सतना, खरगोन, और रतलाम में स्थापित किए गए थे।

### परीक्षा का प्रबंधन और पर्यवेक्षण

आयोग ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए 17 संभागीय पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया। इंदौर में विशेष रूप से तीन प्रमुख व्यक्तियों - सेवानिवृत्त आईएफएस पी.सी. दुबे, सेवानिवृत्त आईएएस आशुतोष अवस्थी, और सेवानिवृत्त उच्च न्यायाधीश राजेंद्र महाराज को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सतर्कता के लिए उप पुलिस अधीक्षक प्रिया सिंह को सुरक्षा अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी।

### परीक्षा केंद्र और अभ्यर्थी

आयोग के ओएसडी आर. पंचभाई के अनुसार, पूरे राज्य में 12 शहरों में 323 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इंदौर में 70 केंद्रों पर 27,000 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पूरे मध्यप्रदेश में 1,21,000 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

### दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए विशेष व्यवस्था

दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आयोग ने विशेष सुविधा प्रदान की। यदि वे सह लेखक का उपयोग करते हैं, तो उन्हें एक घंटे का अतिरिक्त समय मिलेगा। ऐसे मामलों में परीक्षा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक था। यह आयोजन सख्त सुरक्षा प्रबंधों और पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## लोक अदालत में 60 हजार मामलों का समाधान

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

इंदौर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत ने 82 खंडपीठों के माध्यम से 60 हजार से अधिक मामलों में सुनवाई की। इस दौरान कई मामलों का समाधान हुआ, जिनमें से एक महत्वपूर्ण मामला 17 महीने से अलग रह रहे पति-पत्नी का था, जिन्होंने लोक अदालत में समझाइश के बाद फिर से एक साथ रहने का निर्णय लिया। विनय कुमार (26) और मंजू (22) का विवाह 25 मई को हुआ था और उनका एक 18 महीने का बेटा भी है। विवाह के कुछ समय बाद, पत्नी सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने लगी, जिसके कारण घर के कामों में परेशानी उत्पन्न होने लगी। इसके परिणामस्वरूप छोटी-छोटी बातों पर दोनों के बीच विवाद होने लगे, और महिला के मायके वाले भी उसका समर्थन करने लगे। इसके बाद महिला ने पति पर हिंदू मैरिज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया था और वे अलग रहने लगे।

# भोपाल में सड़कों पर उतरी कांग्रेस

## अरसे बाद दिखे कमलनाथ, बीजेपी पर जमकर बरसे कांग्रेस नेता



**■ भोपाल । संभाग पोस्ट**

**राजधानी में कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने किसानों को खाद न मिलने, भ्रष्टाचार, एससी/एसटी, महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार, बेरोजगारी जैसे कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए जवाहर चौक से विधानसभा की ओर मार्च किया। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, और कई अन्य बड़े नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए थे।**

हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जवाहर चौक पर इकट्ठा हुए। खाद की खाली बोरियां लेकर वे विधानसभा की ओर बढ़े। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और पैदल ही कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की ओर चलना शुरू किया। पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता आगे बढ़ते रहे। विधानसभा पहुंचकर, उन्होंने गांधी प्रतिमा के सामने नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी हुए शामिल

भोपाल में ऐसे प्रदर्शन में अरसे बाद कमलनाथ भी दिखे। उन्होंने कहा, 'दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मध्य प्रदेश की पहचान घोटाला प्रदेश की है। हर क्षेत्र में घोटाला है।' उन्होंने किसानों पर हो रहे अन्याय की बात की और कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का 70% हिस्सा कृषि पर निर्भर है, फिर भी किसानों को खाद, बीज और उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को जगाने का आह्वान किया।

### सोयाबीन का 12 साल बाद भी एक ही दाम

सचिन यादव ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है और उन्हें मजबूरन कालाबाजारी से खाद खरीदनी पड़ रही है। 12 साल पहले जितना दाम सोयाबीन का था, आज भी उतना ही मिल रहा है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### पूर्व मंत्री बाला बच्चन भी गरजे

पूर्व मंत्री बाला बच्चन ने कहा कि मध्य प्रदेश में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। किसानों को नकली बीज मिल रहा है, बिजली महंगी है, और महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए। कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है और एससी/एसटी समुदाय पर अत्याचार बढ़ रहे हैं।

### फूल सिंह बरैया ने साधा निशाना

विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय पर अत्याचार बढ़ रहे हैं, ऐसे में महिलाओं को 'लाड़ली बहना' कहना उचित नहीं है। विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार पांच साल नहीं चल पाएगी, लेकिन इसके लिए सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा।

### शिवराज सिंह चौहान पर साधा निशाना

पूर्व लोकसभा सदस्य मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन किसानों की हालत बदतर होती जा रही है। पूरे देश में संविधान की बात हो रही है, लेकिन मध्य प्रदेश में महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। लाड़ली बहनों को 3000 रुपये प्रति माह देने का वादा भी पूरा नहीं किया गया।

### शून्यकाल में भी उठाया खाद की कमी का मुद्दा

कांग्रेस ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान भी खाद की कमी का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान परेशान हैं और लंबी-लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। जब सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया, तो कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।

### सुरक्षा के किए थे इंतजाम

प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बैरिकेड्स लगाए गए थे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने बताया कि प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं।

# मध्य प्रदेश पुलिस को मिली नई सुविधा: अब ई-रक्षक ऐप से एक क्लिक में सामने आएगी अपराधी की कुंडली, फोटो भी कर सकेंगे स्कैन

**■ भोपाल । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश पुलिस को नई सुविधा मिलने वाली है। बता दें प्रदेश की पुलिस की सुविधा बढाने के लिए नया ई-रक्षक द स्मार्ट कॉप एप्लीकेशन से अब पुलिस कर्मी मौके पर ही आदतन अपराधियों और संदिग्धों की पूरी जानकारी एक क्लिक में हासिल कर सकेंगे। जानकरी के मुताबिक स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) द्वारा विकसित ऐप में फेस रिकॉग्नाइजेशन मॉडल भी शामिल किया गया है। इससे संदिग्ध व्यक्ति का फोटो अपलोड करने पर उसकी पहचान हो सकेगी।

इस ऐप में पुलिस को केवल सामने खड़े व्यक्ति की तस्वीर क्लिक करनी होगी जिसके जरिए नाम ने मिलने की स्थिति में भी संदिग्ध का पूरा कच्चा चिट्ठा सामने आ जाएगा। यह ऐप अपराध नियंत्रण और संदिग्धों की पहचान के लिए अच्छा साबित होगा।

### डीजीपी ने दी ऐप की जानकारी

बता दें शनिवार को डीजीपी कैलाश मकवाना ने एससीआरबी के वर्किंग सिस्टम और टेक्नोलॉजी परियोजनाओं की समीक्षा की। डीजीपी ने आईसीजेएस, सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट, नेटवर्क और क्रिमिनल लॉ के इम्प्लीमेंटेशन की जानकारी दी।

बीते 23 नवंबर को सीएम मोहन ने इस ऐप का लोकार्पण किया था। यह ऐप पुलिस विभाग के लिए डिजिटल रेवोलुशन साबित हो सकता है। जिससे प्रदेश में बड़ी संख्या में अपराधों पर नियंत्रण और संदिग्धों की पहचान आसान हो जाएगी।

### कैसे काम करेगा ऐप

ई-रक्षा ऐप में गिरफ्तार लोगों का रिकॉर्ड देखने के लिए जांचकर्ता उनका विवरण दर्ज करेंगे, जिसके बाद गिरफ्तार आरोपियों की कुंडली स्पष्ट रूप से सामने आ जाएगी। इसमें उन अपराधियों का डेटा भी होगा जिनके खिलाफ कम से कम दो अपराध दर्ज हैं।

जैसे ही एक पुलिस अधिकारी ऐप का कैमरा चालू करता है और उसे किसी के चेहरे के करीब लाता है, फीचर उसे डेटाबेस में मौजूद चेहरों से मिला देगा। यदि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया व्यक्ति अपराधी है तो नाम-पता समेत उसकी पूरी कुंडली सामने आ जायेगी।




रामसेवक दुबे
9406621084
CBCE स्कूल बुक्स
चिल्ड्रन बुक्स
ऑफिस स्टेशनरी
कम्प्यूटर स्टेशनरी
स्कूल स्टेशनरी एवं
गिफ्ट आयटम
पूजा
बुक्स एण्ड स्टेशनर्स
6/3, सुंदर अपार्टमेन्ट, क्लर्क कालोनी चौराहा, श्री सत्य सांई बाल विनय मंदिर के सामने, इन्दौर मो

॥ श्री गणेश ॥ ॥ जय माँ भगवती ॥
सेवक राम केवट (छोटू उस्ताद)
मो. 9826012658, 9131711406
माँ नर्मदा केटरर्स
107, नार्थ मुसाखेड़ी, अजयबाग कॉलोनी, इन्दौर
शादी, पार्टी, पिकनिक, जन्मदिन पर कच्ची एवं पक्की रसोई की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सम्पर्क करें।

अनुप यादव
9617246247
अमन यादव
7773007307
8770131488
सावित्री हार्डवेयर
सेनेटरी एण्ड पेन्ट्स
ASTRAL PIPES
92 हीरा नगर MR-10 मेन रोड, इन्दौर (म.प्र.)

# उमरबन में पत्रकार साथी के साथ हुई मारपीट में निष्पक्ष जांच को लेकर पीथमपुर नगर प्रेस क्लब ने दिया ज्ञापन



**■ पीथमपुर । संभाग पोस्ट**

पीथमपुर सेक्टर नंबर 1 में पीथमपुर प्रेस क्लब ने दिया एस.डी.एम.को ज्ञापन दरअसल पूरा मामला कुछ दिन पूर्व धार जिले के उमरबन थाना के ग्राम कल्लादा ग्राम का है जहां इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार संतोष चौहान द्वारा कल्लादा गांव की पंचायत की खबर प्रकाशित करने पर वहां के सरपंच राधेश्याम पटेल एवं सचिव मुन्नालाल ने अपने 10 साथियों के साथ मिलकर पत्रकार के साथ बेहरमी से मारपीट कर तकरीबन 20 हजार की राशि लूट की थी। पत्रकार संतोष ने घटना की रिपोर्ट उमरबन चौकी में करवाई जिसके बाद से आरोपी फरार है और 10 अन्य आरोपियों पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। घटना की निष्पक्ष जांच एवं आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर आज सोमवार को पीथमपुर नगर प्रेस क्लब साथियों द्वारा एसडीम प्रमोद गुर्जर को पुलिस अधीक्षक धार के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें पिथमपुर नगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष विशाल कुमरावत, उपाध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, सचिव राजेश शर्मा, सहसचिव राहुल यादव, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा, संरक्षक राकेश खंडेलवाल, संरक्षक राजशेखर शास्त्री, अभिषेक खंडेलवाल, नवीन भारती,हरिकेश द्विवेदी,वीरेंद्र जायसवाल, संदीप राणा, मनीष मीणा, उपेंद्र कश्यप, गिरीश चौधरी, विद्या चोरे, सचिन शिंदे, पवन पंडित, जीवन डोडिया और समस्त प्रेस क्लब के सदस्य मौजूद रहे ।

## शासकीय महाविद्यालय में गणित दिवस सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत

**■ पीथमपुर । संभाग पोस्ट**

पीतमपुर सेक्टर 1 शासकीय महाविद्यालय इकबगंगला में आज सोमवार को प्राचार्य डॉ. विनोद खत्री के निर्देशन में गणित दिवस सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत की गई , आज के कार्यक्रम का प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. रितु जार्ज ने गणित के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया तथा महाविद्यालय के प्रोफेसर अरविंद सकवार ने दैनिक जीवन मे गणित की उपयोगिता तथा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जिंदगी, उनके संघर्ष तथा गणित के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया, कार्यक्रम का संचालन श्रीअमित कुमार ( अतिथि विद्वान ) द्वारा किया गया , कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद खत्री ओर डॉ.अनीता मालवीय ( प्रशासनिक अधिकारी ) , डॉ. संजय प्रसाद , डॉ. संघमित्रा अवसरे, डॉ. रितु जार्ज , . अरविंद सकवार तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ जीतेंद्र पांडेय ओर विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की ।




# नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन

**■ खरगोन । संभाग पोस्ट**

पुलिस कंट्रोल रुम में रविवार को नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारी- कर्मचारी एवं उनके परिजन शामिल हुए, जिसमें वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए खुद और दूसरों को भी नशे से दुर रखने का आह्वान किया। एसपी ने धर्मवीर मीना ने बताया कि नशा प्रवृत्ति महामारी का रूप ले चुकी है, नशा करने से युवा पीढ़ी पथ भ्रष्ट होकर अनुचित कार्यो, अपराधों इत्यादि में संलिप्त हो रही है, अपना भविष्य बरबाद कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति से उसका तन.मन.धन, सामाजिक प्रतिष्ठा छीन लेती है तथा बदले में दुख.दर्द, तकलीफें मुसीबते प्रदान करती है। इस कार्यशाला का उद्देश्य है कि पुलिस कर्मचारी एवं उनके परिजन नशे से दुर रहे। पुलिस महकमे से भी नशे की प्रवृत्ति को दूर करना है, उनके परिवार से वे या कोई अन्य नशे की लत में न आए, इसी को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें गायत्री परिवार के परिव्राजको ने कहा दिहाड़ी मजदूरी करने वाले अनेक लोग नशे में अपनी सारी कमाई बरबाद कर देते हैं तथा घर जाकर परिवार के साथ मारपीट, गाली.गलौज इत्यादि करते हैं, जिससे उनके घर में गरीबी, लाचारी, अभाव इत्यादि समस्याएं डेरा डाल लेती हैं, बच्चे छोटी.छोटी वस्तुओं के लिए तरसते हैं। ब्रह्माकुमारी की दीदी ने कहा कि नशा सभ्य समाज पर एक कंलक है, जिसे हमें जड़ से उखाडना है, जिसके लिए प्रशासन के साथ.साथ समाज की जागरूकता एवं सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

धर्मराज मिना पुलिस अधीक्षक

# धार्मिक पर्यटन ने मध्य प्रदेश में हिल स्टेशनों और राष्ट्रीय उद्यानों को पीछे छोड़ा, ये दो जगहें सबसे ज्यादा देखी गईं

**■ भोपाल । संभाग पोस्ट**

आम धारणा के विपरीत मध्य प्रदेश में पर्यटक मुख्य रूप से हिल स्टेशनों या पचमढ़ी, बांधवगढ़ जैसे राष्ट्रीय उद्यानों की बजाय मंदिरों में जाते हैं। यह रुझान स्पष्ट रूप से मध्य प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के प्रभुत्व को दर्शाता है। धार्मिक और मनोरंजक स्थलों के बीच महत्वपूर्ण असमानता यात्रियों के बीच गहरी सांस्कृतिक प्राथमिकताओं को दर्शाती है। मध्य प्रदेश पर्यटन के आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि धार्मिक स्थलों पर सबसे ज़्यादा पर्यटक आते हैं, जिसमें इस साल जनवरी से अक्टूबर तक उज्जैन और मैहर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्थान बन गए हैं।

### यहां आए सबसे ज्यादा पर्यटक

कुल मिलाकर अब तक राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर 10,69,42,911 पर्यटक पहुंचे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि उज्जैन में 5,82,11,242 पर्यटक आए, जबकि मैहर में 1,15,51,000 पर्यटक आए हैं। इसकी तुलना में इस अवधि के दौरान हिलस्टेशन पचमढ़ी में केवल 2,27,135 आगंतुक दर्ज किए गए हैं। उल्लेखनीय रूप से राजधानी भोपाल के पास एक धार्मिक स्थल सलकनपुर ने इस वर्ष 22,22,000 आगंतुकों के साथ पचमढ़ी को पीछे छोड़ दिया। खजुराहो में 3,56,018 पर्यटक आए हैं।

### बुनियादी ढांचे का किया जा रहा विकास

उज्जैन और मैहर के अलावा, चित्रकूट, अमरकंटक और ओंकारेश्वर जैसे अन्य धार्मिक स्थल भी पूरे वर्ष अच्छी खासी भीड़ खींचते हैं। पौराणिक महत्व से भरपूर ये स्थान प्रमुख तीर्थस्थल बने हुए हैं। पर्यटन विभाग इन धार्मिक स्थलों पर बुनियादी ढांचे को सक्रिय रूप से विकसित कर रहा है। नई आवास सुविधाओं, बेहतर



सड़क संपर्क और बढ़ी हुई सुविधाओं ने इन स्थलों को सभी उम्र के आगंतुकों के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। जबकि साहसिक पर्यटन और वन्यजीव अभयारण्य महत्वपूर्ण खंड बने हुए हैं, वे एक अलग जनसांख्यिकी को आकर्षित करते हैं।

### 18 दूसरे धार्मिक स्थल हो रहे विकसित

मध्य प्रदेश पर्यटन के प्रबंध निदेशक इलियाराज टी. ने कहा कि मध्य प्रदेश को उज्जैन में महाकाल लोक और अन्य धार्मिक स्थल होने का सौभाग्य प्राप्त है। हमने ऐसे स्थानों पर बहुत विकास किया है, जिसके कारण पर्यटकों की आमद बहुत अधिक है। हम महाकाल लोक की तर्ज पर 18 अन्य धार्मिक स्थलों का विकास कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक जा रहे हैं। एमपीटी ने धार्मिक और मनोरंजक दोनों ही स्थानों पर अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है।

### सीजन पर भी निर्भर करते हैं टूरिस्ट

पचमढ़ी अपने औपनिवेशिक आकर्षण और प्राकृतिक सुंदरता के बावजूद ज्यादातर वीकेंड में आने वाले मेहमानों और स्कूली भ्रमणों को देखता है। इसी तरह, बांधवगढ़ और कान्हा बाघ अभयारण्य विशिष्ट मौसमों में वन्यजीव उत्साही लोगों को आकर्षित करते हैं। राज्य सरकार की पर्यटन नीति इस पैटर्न को स्वीकार करती है और तदनुसार संसाधनों का आवंटन करती है। आंकड़े पर्यटकों की आवाजाही में मौसमी पैटर्न को भी दर्शाते हैं। धार्मिक स्थलों पर त्योहारों और शुभ तिथियों के दौरान भीड़ अधिक होती है, जबकि पहाड़ी स्टेशनों पर गर्मियों के महीनों में अधिक भीड़ होती है।









# भगवान को पहनाए गर्म कपड़े, चिड़ियाघर में पशु पक्षियों के लिए लगाए गए हीटर

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। दिन और रात के तापमान में गिरावट जारी है, और मंगलवार को पहली बार शीतलहर चली। बुधवार को भी यह स्थिति बरकरार रही। ठंड के कारण खजराना गणेश मंदिर में भगवान के पूरे परिवार को गर्म कपड़े पहनाए गए हैं, जबकि चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मौसम केंद्र के मुताबिक गुरुवार को दिन का तापमान 24.8 डिग्री रहा और रात का तापमान 10.0 डिग्री रहा। वहीं बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7 डिग्री कम और परसों की तुलना में 0.8 डिग्री कम था। रात का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री और परसों रात की तुलना में 0.1 डिग्री कम था।

### भगवान के मूषक को भी पहनाए गर्म कपड़े

खजराना गणेश मंदिर में भगवान गणेश के साथ उनके वाहन मूषक को भी मन्त्रोच्चार के साथ ऊनी कपड़े पहनाए गए। मंदिर में भगवान के सामने हीटर भी चलाए जा रहे हैं। मान्यता है कि ठंड इंसानों के साथ भगवान को भी प्रभावित करती है। इसीलिए भगवान गणेश को ठंड से बचाने के लिए ऊनी वस्त्र और खास रजाई तैयार की गई है। पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि रात 10 बजे गणेश जी को ऊनी और कंबल की पोशाक पहनाई जाती है और सुबह 6 बजे उतारी जाती है।

### चिड़ियाघर में पशु पक्षियों के लिए विशेष इंतजाम

कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में वन्य प्राणियों और पक्षियों को ठंड से बचाने के लिए खानपान में बदलाव किया गया है। ब्लोअर, हीटर और गर्म हवा देने वाले बल्ब लगाए गए हैं। पिंजरों को ग्रीन नेट से ढंका गया है ताकि ठंडी हवा न घुसे। सांप घर, कछुओं के इनक्लोजर और पक्षी विहार में भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। ठंड को देखते हुए खानपान में बदलाव किया जाएगा। ब्लोअर पहले रात 12 बजे बंद कर दिए जाते थे लेकिन अब पूरी रात चलाए जा रहे हैं। शेर और बाघ के लिए हरी नेट और वुडन फ्लोर भी लगाए गए हैं ताकि ठंडी जमीन का असर कम हो।

### उत्तरी हवाओं से हुई सर्दी

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार से हवाओं की दिशा उत्तरी और उत्तर-पूर्वी बनी हुई है। उत्तर भारत में बर्फबारी के कारण वहां से आने वाली ठंडी हवाओं ने इंदौर





और प्रदेश के अन्य हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बना दी है। दिसंबर की शुरुआत में तापमान बढ़ा हुआ था, लेकिन पिछले चार दिनों में ठंड ने जोर पकड़ लिया। शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री था, जो गिरकर 8.7 डिग्री रह गया। यानी चार दिनों में रात के तापमान में 7.6 डिग्री की गिरावट आई।

### और गिरेगा तापमान

मंगलवार रात का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रहा, जो पिछले 10 वर्षों में दिसंबर में दर्ज चार सालों के न्यूनतम तापमान से भी कम था। 2016, 2017, 2022, और 2023 का रिकॉर्ड टूट गया है। हालांकि 2015 में दिसंबर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया था, जो अब तक का सबसे कम है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान और गिर सकता है जिससे नए रिकॉर्ड बन सकते हैं।

---

# मध्यभारत का सबसे बड़ा प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन इंदौर में 9 से 12 जनवरी तक

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

भारत का सबसे बड़ा प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन, एक नए आयाम पर पहुंचने के लिए तैयार हो रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक उद्योग को भविष्य के लिए तैयार करना है। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक इंडस्ट्रीज रेडी फॉर फ्यूचर, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, पाइप, एग्रीकल्चर और फार्मा इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी' है। प्लास्टपैक 2025 लाभ गंगा एक्जीबिशन सेंटर, इंदौर में 9 से 12 जनवरी, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। सचिन बंसल प्रेसिडेंट इंडियन प्लास्ट पैक फोरम और हितेश मेहता चेयरमैन प्लास्ट पैक 2025 के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले प्लास्टपैक 2025 में देशभर के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आईपीपीएफ की टीम देश भर के मुख्य शहरों में पहुंच रही है। इसी कड़ी में 12 दिसम्बर को प्लास्टपैक की टीम इंदौर पहुंची और मीडिया से मुलाकात की, जिसमें प्लास्टपैक के चार दिवसीय आयोजनों की रूपरेखा को साझा किया गया। प्लास्टपैक की टीम ने इंदौर और उसके आस-पास के शहरों के इंडस्ट्री से जुड़े कई गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की।

इंडियन प्लास्टपैक फोरम के प्रेसिडेंट सचिन बंसल ने कहा, प्लास्टपैक 2025 प्लास्टिक उद्योग के लिए एक अनूठा मंच है। यह आयोजन इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों को प्रदर्शित करने के साथ उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों




और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाकर इंडस्ट्री के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने का अवसर भी प्रदान करेगा। प्लास्टपैक 25 केवल एक प्रदर्शनी नहीं है यह भारत के प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग के लिए अपनी ताकत, इनोवेशन और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का एक मंच है।

इंडियन प्लास्टपैक फोरम के वाईस प्रेसिडेंट जाहिद शाह ने कहा आज हमें खुशी हो रही है कि हम इंदौर आपके बीच पहुंचे हैं। हम आपके माध्यम से प्लास्टिक और पैकेजिंग से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स को आमंत्रित करते हैं। प्लास्टपैक 2025 प्लास्टिक उद्योग के लिए एक अनूठा मंच है। यह आयोजन इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों को प्रदर्शित करने के साथ उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाकर इंडस्ट्री के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने का अवसर भी प्रदान करेगा। प्लास्टपैक 25 केवल एक प्रदर्शनी नहीं है; यह भारत के प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग के लिए अपनी ताकत, इनोवेशन और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का एक मंच है।

आगे शाह बताते हैं प्लास्टिक हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका है। सुबह से लेकर शाम तक हम कितनी ही बार प्लास्टिक का उपयोग करते हैं। हमारे बीच एक भ्रांति फैला दी गई है कि प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, लेकिन ऐसा नहीं है। प्लास्टिक को रिसाइकिल किया जा सकता है, जबकि लकड़ी के साथ ऐसा संभव नहीं है। केवल वह प्लास्टिक, जो रिसाइकिल की प्रक्रिया में नहीं आ पाते, केवल वही प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। यह मात्रा प्लास्टिक इकॉनॉमी का केवल 1 या 2 प्रतिशत है। इस प्रकार, प्लास्टिक का सही और पुनः उपयोग पर्यावरण और उद्योग दोनों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

इंडियन प्लास्टपैक फोरम के सेक्रेटरी अंकित भारुका ने कहा मध्य प्रदेश एक लैंडलॉक्ड स्टेट है, यहां पोर्ट्स की सुविधा नहीं है, लेकिन यह पूरे भारत के मध्य में स्थित है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे एक अनूठा व्यापार केंद्र बनाती है, जहां से किसी भी राज्य में उत्पाद को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। यह इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के लिहाज से इंडस्ट्री के लिए बेहद फायदेमंद है। प्लास्टपैक 2025 जैसे आयोजन इस रणनीतिक लाभ को इंडस्ट्री के सामने और अधिक प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करेंगे। हमारा उद्देश्य मध्यप्रदेश को एक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना है। यह आयोजन न केवल स्थानीय उद्योगों को अपनी ताकत दिखाने का अवसर देगा, बल्कि देशभर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई संभावनाओं को तलाशने का भी माध्यम बनेगा। प्लास्टपैक 2025 में नए इनोवेशन, आधुनिक तकनीक और स्थिरता पर फोकस करते हुए, राज्य को मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। आगे अंकित भारुका ने बताया कि 400 से अधिक कंपनियों के 2000 से अधिक एग्जीबिटर्स इस आयोजन में भाग लेंगे। प्लास्टपैक 2025 के लिए संपूर्ण लाभ गंगा एग्जीबिशन सेंटर को मुख्यतः 6 भागों में बांटा गया है, जिसमें प्रमुख कंपनियों के स्टाल्स पर लाइव मशीनों और उत्पादों का प्रदर्शन होगा। एग्जिबिशन के एक हिस्से में जहां एक तरफ प्लास्टिक रॉ मटेरियल और एप्लीकेशन प्रदर्शित की जायेंगी, वहीं दूसरी तरफ प्लास्टिक उत्पाद निर्माता, रिसायकल प्लास्टिक से जुड़े उद्योग अपने उत्पादों, तकनीक और सेवाओं को प्रदर्शित करेंगे। इसके अतिरिक्त रिसेप्शन और रजिस्ट्रेशन, विशाल पार्किंग एरिया, फूड कोर्ट, मेडिकल सेंटर, इलेक्ट्रानिक सिक्योरिटी एंड कंट्रोल कमांड सेंटर भी स्थापित किया जाएगा।

### विशाल भागीदारी

2 लाख से अधिक लोग इस चार दिवसीय आयोजन में शामिल होने की उम्मीद है। इसमें मध्य प्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से प्लास्टिक उद्योगपति शामिल होंगे। इस आयोजन में पार्टिसिपेंट्स के लिए प्रवेश निःशुल्क है। प्लास्टिक, पैकेजिंग, फार्मा, मेडिकल, फूड, फर्नीचर इंडस्ट्रीज से जुड़े उद्योगपति, प्रोफेशनल्स के साथ इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र इस आयोजन में शामिल होंगे।

### इनोवेशन और टेक्नोलॉजी

आयोजन में प्लास्टिक उद्योग में नवीनतम प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्लास्टिक के क्षेत्र में प्रदेश के साथ-साथ, देश-विदेश में अपने उत्पाद बेचने वाले ब्रांड और कंपनियों के साथ, दुनिया के कई देशों में मशीनों का निर्यात करने वाले मशीन निर्माता अपने नए उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

### सेमिनार, परिचर्चाएं और रोजगार मेला

प्लास्टिक के नए उत्पादों और एप्लीकेशन पर शासकीय संस्था 'सिपेट' का विशेष सत्र, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा वर्कशॉप, बीआईएस की कार्यशाला, म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा प्लास्टिक एवं पर्यावरण पर परिचर्चा का आयोजन तय है। इनमें केंद्र और राज्य शासन के विभागों के प्रमुख सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी, विभाग प्रमुख, प्रदेश के प्रमुख उद्योगपति, टेक्निकल एक्सपर्ट, इंजीनियर, आदि शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त केंद्र शासन का एमएसएमई मंत्रालय, म. प्र. शासन का उद्योग विभाग, एमपीआईडीसी, ऊर्जा विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्नॉलॉजी विभाग, इंदौर नगर पालिका निगम आदि के विशेष सत्र आयोजित करने के संबंध में बात जारी है।

### पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी पर फोकस

आयोजन में सस्टेनेबल प्लास्टिक उत्पादों और प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तीन प्रमुख हॉल 6, 7 और 8 के आगे के हिस्से में कुछ कंपनियों के इनोवेटिव उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें पांड लाइनर यानी कृत्रिम तालाब बनाने वाले मटेरियल, प्लास्टिक की क्षमता का प्रदर्शन करने वाले उत्पाद और रिसायकल प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# Forex मार्केट में करोड़ों की धोखाधड़ी!

## क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आया गैंग का 5वां आरोपी



**■ इंदौर। संभाग पोस्ट**

**मध्य प्रदेश के इंदौर में एक व्यक्ति के साथ विदेशी मुद्रा के नाम पर करीब 5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है. इस मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने अंतर्राज्यीय गैंग के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है. अब तक इस मामले में गैंग के कुल 5 आरोपी नागपुर (महाराष्ट्र), रायपुर (छत्तीसगढ़), सूरत और भरूच (गुजरात) से गिरफ्तार किए जा चुके हैं. हाल ही में पकड़ा गया आरोपी हीरेन पटेल (37) गैंग का सक्रिय सदस्य है, जो फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम दुबई में गैंग के सरगनाओं तक पहुंचाता था.**

### ऐसे की है धोखाधड़ी

पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां गैंग के सदस्यों ने फॉरेक्स ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच दिया. आरोपी ने MstockMax नामक सॉफ्टवेयर डाउनलोड करवाया. जिसमें फर्जी प्रॉफिट दिखाया गया. शुरुआत में 10,000 रुपये के निवेश पर 40,000 रुपये का फर्जी प्रॉफिट दिखाकर उन्हें लालच दिया गया. इसके बाद फरियादी ने गैंग के बताए बैंक खातों में 4.85 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए.

### अब तक की पुलिस कार्रवाई

क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था. हाल ही में पांचवें आरोपी हीरेन पटेल को गुजरात के भरूच जिले से गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ में उसने बताया कि उसने मानव इंटरप्राइजेज नामक फर्जी कंपनी बनाकर 50 लाख रुपये गैंग के खातों में ट्रांसफर किए. इनमें से 30 लाख रुपये दुबई भेजे गए थे.

क्राइम ब्रांच ने अब तक पीड़ित के 75 लाख रुपये वापस दिलवाए हैं और 70 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज करवाए हैं, जिन्हें कोर्ट की प्रक्रिया के बाद वापस किया जाएगा. गैंग के अन्य साथियों और उनके नेटवर्क का पता लगाने के लिए आरोपी से पूछताछ जारी है. इस मामले के बाद पुलिस ने एक बार फिर से साइबर एडवाइजरी जारी की है. आमजनों से अपील की है कि मुनाफे के लालच में किसी भी निवेश योजना पर आंख बंद कर भरोसा न करें. किसी सॉफ्टवेयर या एप्लिकेशन को बिना जांच-पड़ताल के डाउनलोड न करें. अपने ट्रेडिंग अकाउंट की जानकारी साझा करने से बचें और फ्रॉड होने पर तुरंत अपने नजदीकी थाने, Ncrp पोर्टल/1930 या क्राइम ब्रांच की साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करें.

# इंदौर में भाजपा ने की मंडल अध्यक्षों की घोषणा

## 35 में से 33 के अध्यक्ष घोषित

**■ इंदौर। नगर प्रतिनिधि**

भाजपा ने रविवार को इंदौर शहर के 33 मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों की सूची जारी की, जिससे संगठन के भीतर लंबे समय से जारी इंतजार खत्म हुआ। इससे तीन दिन पहले ग्रामीण क्षेत्र के 16 मंडल अध्यक्षों की सूची घोषित की गई थी। इंदौर की विधानसभा-2 के दीनदयाल और रामायण मंडलों के अध्यक्षों के नाम फिलहाल होल्ड पर रखे गए हैं। यह सूची भाजपा के निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर और जिला पर्यवेक्षक सुधीर गुप्ता के अनुमोदन के बाद जारी हुई।

### 33 मंडलों में केवल दो में महिला अध्यक्ष

हालांकि, पार्टी द्वारा महिलाओं को 33% आरक्षण देने का दावा किया गया था, लेकिन शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। शहर के 33 मंडलों में से केवल दो महिलाओं को अध्यक्ष बनाया गया है। लक्ष्मणसिंह गौड़ मंडल के लिए इंदु श्रीवास्तव और एपीजे अब्दुल कलाम मंडल के लिए परवीन बी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। परवीन बी इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र मुस्लिम महिला हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी महिला को अध्यक्ष नहीं बनाया गया, जिससे पार्टी के इस निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं।

### अध्यक्ष बनाने में कई चुनौतियां आई

मंडल अध्यक्षों की सूची तैयार करने में संगठन को कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। विधानसभा-1 में सभी मंडल अध्यक्ष बदले गए, जबकि कुछ पुराने अध्यक्षों ने पद पर बने रहने की इच्छा जताई थी, जिसे संगठन ने नामंजूर कर दिया। विधानसभा-2 में एक मंडल के लिए रायशुमारी से पहले ही विरोध और शिकायतें सामने आईं। विधानसभा-4 में पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन जैसवानी ने रायशुमारी में नहीं बुलाए जाने की शिकायत की, जबकि विधानसभा-5 और राऊ में भी सभी मंडल अध्यक्षों को बदलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### विधायकों की चली

इस बार मंडल अध्यक्षों की सूची में विधायकों का प्रभाव स्पष्ट रूप से नजर आया, जबकि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने पहले ही कहा था कि चुनाव संगठन की प्रक्रिया के तहत होंगे और विधायकों की सिफारिशों पर मंडल अध्यक्ष नहीं चुने जाएंगे। बावजूद इसके, खासतौर पर इंदौर ग्रामीण की सूची में विधायकों का दबदबा साफ दिख रहा है। आने वाले चुनावों में इन मंडल अध्यक्षों और उनकी टीमों की भूमिका को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना और विधायकों का बढ़ता प्रभाव पार्टी के संगठनात्मक संतुलन और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहा है। सूची की अंतिम मंजूरी भोपाल से ली गई थी, लेकिन स्थानीय नेताओं और विधायकों के बीच खींचतान ने इसे तैयार करने की प्रक्रिया को जटिल बना दिया।

# इंदौर में तीन दिन के एफपीओ मेले का समापन









**■ इंदौर। संभाग पोस्ट**

ग्रामीण हाट बाजार, इंदौर - मध्य प्रदेश श्री नीरज कुमार, सीईओ - एफ2डीएफ किसान की ऑनलाइन दुकान ने बताया कि एसएफएसी एफपीओ मेला ग्रामीण हाट बाजार, इंदौर में 14 दिसंबर से 16 दिसंबर 2024 के बीच आयोजित किया गया। यह मेला एसएफएसी (लघु कृषक कृषि-व्यवसाय संघ), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय; भारत सरकार द्वारा एफ2डीएफ प्राइवेट लिमिटेड (किसान आयोजनों और किसान मेलों के क्षेत्र में अग्रणी संगठन) के सहयोग से देश में एफपीओ और अन्य कृषि मूल्य श्रृंखला भागीदारों को बढ़ावा देने के उनके प्रयास में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन देश भर से 50 से अधिक एफपीओ ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इन एफपीओ की स्थापना भारत सरकार द्वारा विभिन्न एजेंसियों जैसे एसएफएसी, नाबार्ड, एनसीडीसी आदि के माध्यम से की जाती है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी किसान आय को दोगुना करने के ऐतिहासिक मिशन पर हैं और इस संबंध में विभिन्न पहल की जा रही हैं और एफपीओ उत्पादों को बाजार संपर्क प्रदान करने के लिए एफपीओ मेला का आयोजन एक कदम है। भारत सरकार ने इस मिशन के लिए जींद-हरियाणा स्थित स्टार्टअप F2DF-किसान की ऑनलाइन दुकान को काम पर रखा है और उन्हें 8500 से अधिक एफपीओ को उनके उत्पादों के लिए बेहतर कीमत दिलाने में मदद करने का अवसर सौंपा है, जिससे देश के 24 लाख से अधिक किसान परिवार प्रभावित होंगे। मेले के 3 दिनों में 5 लाख रुपये की खुदरा बिक्री हुई और आयोजक श्री राहुल ढींगरा और मंत्रालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इन 3 दिनों के दौरान कुल 15 लाख रुपये से अधिक की खुदरा बिक्री हुई है। इस दिन कुछ बड़े बी2बी ऑर्डर भी मिले, जो इस प्रकार हैं: 1. आईटीसी - गेहूं, माज, मूंग, चना, अनुबंध खेती की नियमित आपूर्ति 2. मां राहुल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड - 300 टन गेहूं 3. बिग बास्केट - वस्तुओं की नियमित आपूर्ति ऐसा माना जाता है कि आने वाले दिनों में इन एफपीओ को कुल 4-5 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए जाएंगे, जिन्हें बाद में पूरा करना होगा। इन किसानों से मिलने और उनके उत्पादों का परीक्षण करने के बाद आगंतुक बहुत खुश और उत्साहित थे। इस कार्यक्रम में टिकाऊ खेती के तरीकों, मृदा स्वास्थ्य सुधार और जैविक कीट प्रबंधन पर जानकारीपूर्ण सेमिनार और कार्यशालाएँ भी शामिल थीं। बच्चों और परिवारों ने पर्यावरण के अनुकूल खेलों और प्रदर्शनों का आनंद लिया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ी।

# सिस्टम की मार- ड्राइविंग लाइसेंस के लिए भूखे प्यासे घंटों खड़े रहे लोग, नहीं बन पाए



■ इंदौर । नगर प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का शिविर लगाया। इसमें छात्राओं के लिए निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनना थे। सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं और अन्य आवेदक सुबह से ही नंदा नगर स्थित आईटीआई परिसर पहुंचने लगे। सुबह 10.30 बजे से आयोजित इस शिविर में लाइन लगाने के लिए आवेदक सुबह 9 बजे से आ गए थे। 11 बजे के लगभग जब लाइसेंस बनना शुरू हुए तो सर्वर डाउन हो गया। लोग दो से तीन घंटे तक खड़े रहे लेकिन फिर निराश होकर उन्हें वापस जाना पड़ा। शिविर में छात्राओं के निःशुल्क लाइसेंस बनना थे।

## दफ्तर का अवकाश लेकर आए, परेशान होते रहे

साफ्टवेयर इंजीनियर आनंद पटेल ने बताया कि वे सुबह 10 बजे अपने बेटे के साथ लाइसेंस बनवाने के लिए पहुंच गए थे। लगभग 2 बजे उन्हें बताया गया कि लाइसेंस नहीं बन पाएंगे सर्वर नहीं चल रहा है। उन्होंने बताया कि वे दफ्तर का अवकाश लेकर वहां पर गए थे और दिनभर खड़े रहने के बाद भी बेटे का लाइसेंस नहीं बन पाया। सुबह से वे भूखे प्यासे कई घंटों तक इंतजार करते रहे लेकिन अंत में उन्हें बिना काम हुए ही वापस आना पड़ा।

## कुछ छात्राओं के लाइसेंस बने, छात्रों के तो बन ही नहीं पाए

अमर उजाला को जब घटनाक्रम की जानकारी मिली तो मौके पर जाकर छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने बताया कि शुरू में कुछ छात्राओं के लाइसेंस बने लेकिन छात्रों के तो लाइसेंस सुबह से ही नहीं बन रहे हैं। छात्राओं के निःशुल्क लाइसेंस बनना थे जिस वजह से उन्हें पेमेंट नहीं करना था। इसलिए सर्वर में दिक्कत नहीं आई। छात्रों को पेमेंट करना था इस वजह से वे पेमेंट नहीं कर पाए और लाइसेंस नहीं बन पाए।

## स्टाफ की कमी भी दिखी

मौके पर मौजूद भीड़ को देखते हुए स्टाफ भी कम रहा। आरटीओ की तरफ से भेजे गए अधिकारी जनता की तुलना में बहुत कम थे। एक एक अधिकारी सौ से दो सौ लोगों को जानकारी दे रहा था। यदि व्यवस्थित टेबलें लगी होती अधिक अधिकारी होते तो छात्राओं के लाइसेंस आसानी से बन जाते। उन्हें सिर्फ मार्गदर्शन देते रहते तो भी लोग परेशान न होते। छात्राओं के लाइसेंस बनने में सर्वर में दिक्कत नहीं आ रही थी।

## आपसे जानकारी मिली, हम दोबारा शिविर लगवा देंगे

आरटीओ प्रदीप मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे आपसे ही इस विषय की जानकारी मिली है। सर्वर डाउन होने से वहां पर लोगों को बहुत परेशानी हुई इसलिए हम जल्द ही अन्य क्षेत्रों में शिविर लगाएंगे ताकि लोगों के लर्निंग लाइसेंस जल्द से जल्द बन सकें। वहां पर भी दोबारा शिविर लगाएंगे ताकि लोग परेशान न हों।

# इंदौर में बोरी में मिले दो नवजात शिशु के भ्रूण

• इंदौर । विशेष प्रतिनिधि

मध्य प्रदेश के इंदौर में एक बार फिर मां की ममता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में दो नवजात बच्चों के भ्रूण मिलने से इलाके में खलबली मच गई। दरअसल, सफाईकर्मियों को एक बोरी में कुछ संदिग्ध वस्तु नजर आई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची और बोरी को खोला, तो उन्हें अंदर दो नवजात भ्रूण मिले, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पोस्टमार्टम के लिए भेजा

रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि गड़बड़ी पुल के नीचे नाले में एक बोरी में कुछ संदिग्ध रखा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बोरी खोलकर देखा, तो उसमें दो नवजात भ्रूण पाए गए। पुलिस ने दोनों भ्रूणों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## आसपास के अस्पतालों की जा रही छानबीन

इंदौर में नवजात बच्चों के भ्रूण मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले भी कई स्थानों पर इस तरह के भ्रूण बरामद हो चुके हैं। हाल ही में राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के गड़बड़ी पुल के पास एक बोरी में दो नवजात भ्रूण मिले हैं। इस मामले पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि आसपास के अस्पतालों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता चल सके कि ये भ्रूण किसने और क्यों फेंके।

श्री रवि इत्र सुगन्ध भण्डार
गुलाब, मोगरा, चन्दन, परफ्यूम इत्यादि के थोक एवं खेरची विक्रेता
प्रोपायटर : रवि सुगन्धी
मो. 9452665448
पताः हीरानगर, मेनरोड, सुखलिया, मिलन गार्डन के पास, इन्दौर

# बाल खींचकर महिला को बुरी तरह पीटा, मामूली विवाद के चलते महिलाओं के बीच जमकर हुई फाइट, वीडियो वायरल

■ इंदौर । नगर प्रतिनिधि

**मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद दो महिलाओं के साथ पड़ोस की महिलाओं ने मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अब यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।**

दरअसल, यह घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के गोविंद नगर खर्चा इलाके की है। जहां दो पड़ोसी परिवारों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। जो धीरे-धीरे बढ़कर झगड़े का रूप ले ली। इस झगड़े के दौरान पड़ोस की महिलाओं ने दो महिलाओं को निशाना बनाया और उनके साथ जमकर मारपीट की। वीडियो में दिख रहा है कि मारपीट के दौरान महिलाओं के बाल खींचे गए और उन्हें बुरी तरह पीटा गया।

## वीडियो हुआ वायरल

इस मारपीट की घटना को किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित महिलाओं ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मारपीट करने वाली महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि यह मामला पड़ोसी परिवारों के बीच का है पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया है और घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## वीडियो देखकर होगी जांच

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत किस बात से हुई। पुलिस ने घटना से जुड़े सभी पक्षों से बातचीत की है और वीडियो फुटेज को भी साक्ष्य के रूप में शामिल किया है।

संदीप पवार
Mob :-98260-68380
KP
॥ श्री गणेशाय नमः॥
न्यू नर्मदा ट्रेडर्स
सीमेन्ट
बालू रेती
काली रेती, गिट्टी
ईंट एवं बिल्डिंग मटेरियल के विक्रेता
4, मंगलनगर, आई.टी.आई. रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, पेट्रोल पम्प के पहले, इन्दौर (म.प्र.)

राहुल जनरल स्टोर्स
शॉप नं. 3 मालवा मिल चौराहा, इंदौर
मो. 9977732802

डॉ. हिमांशु केलकर
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
मो. 9202238451
क्लिनिकः 20 जी/एच., गीतांजलि अपार्टमेन्ट, मार्केट रोड, विजय नगर
स्कीम नं. 54, इंदौर (म.प्र.) Email : himanshukelkar@rediffmail.com
समय : प्रातः 10.30 से 1.30 बजे, सायं 5.30 से 8.30 बजे तक
निवास : 7-बी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड, इंदौर

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर ( म.प्र. ) से प्रकाशित । संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948